60

शेष कहानी

लूका 15:25-32, एक निकट दृष्टि

अमेरिका में रेडियो पर कमैन्ट्री करने वाले पॉल हार्वे को ''द रेस्ट ऑफ़ द स्टोरी'' अर्थात ''शेष कहानी'' बताने वाले के रूप में जाना जाता है। यीशु ने खोई हुई भेड़, सिक्के और पुत्र की बात बताने के बाद, एक बड़े भाई की, जो घर में रह गया था ''शेष कहानी'' बताई (लूका 15:25-32)। मिस्टर हार्वे की ''शेष कहानी'' आम तौर पर ऊपर उठाने वाली होती है, परन्तु उड़ाऊ पुत्र की ''शेष कहानी'' निर्णायक ढंग से उदास करने वाली है। कहानी का यह भाग फरीसियों को शामिल करने के लिए कहा गया था, जो पापियों का मित्र होने के लिए यीशु की आलोचना करते थे (लूका 15:1-3)।

लूका 15 की ''शेष कहानी'' मुझे परेशान करती है, क्योंकि मैं दो भाइयों से बड़ा हूं। पुरानी वाचा के अधीन, बड़े पुत्र को छोटे पुत्र से दोगुनी विरासत मिलती थी (व्यवस्थाविवरण 21:17); इसे छोड़ बड़ा होने के अधिक लाभ नहीं हैं। आम तौर पर सबसे बड़े पुत्र से सबसे अधिक उम्मीद की जाती है, और उन उम्मीदों पर खरा उतरना कठिन होता है।[1] सच कहें तो बाइबल में अधिकतर बड़े भाई बहुत अच्छे नहीं थे:[2] बड़े भाई कैन ने अपने छोटे भाई को मार दिया था (उत्पत्ति 4)। बड़े भाई एसाव को मूल्यों की कोई कदर नहीं थी (उत्पत्ति 25:29-34)। दाऊद के एक बड़े भाई ने उसे दुखी किया था (1 शमूएल 17:28)।

इससे भी महत्वपूर्ण है कि लूका 15 की ''शेष कहानी'' मुझे निराश कर देती है, क्योंकि यीशु की इस तस्वीर में कई बार मुझे अपना चेहरा दिखाई देता है। आयतें 25-30 मुझे गम्भीरता से अपनी जांच करने के लिए बाध्य करती हैं। शायद ये आयतें आप को भी बाध्य करती हैं।

बिना मैदान छोड़े ''भाग जाना'' सम्भव है (आयतें 25-30)

बड़े भाई में कुछ अच्छे गुण थे, जैसे वह विद्रोही नहीं था: वह घर से नहीं भागा था, और उसके माता-पिता को यह चिन्ता नहीं थी कि वह रात को कहां जाता है। वह आलसी नहीं था: वह कई वर्षों तक ईमानदारी से अपने पिता की सेवा करता रहा (आयत 29), और अपने भाई के घर आने के समय वह ''खेत में'' था (आयत 25; देखें उत्पत्ति 3:19)। वह चरित्रहीन नहीं था: स्पष्टतया वह शरीर में किए जाने वाले पाप के विरुद्ध था (आयत 30),

सो उसका जीवन स्वच्छ, सदाचारी रहा होगा। तौ भी वह बिना घर छोड़कर गए ही पाप के ''दूर देश'' में चला गया था।[3]

(1) वह अपने आप में धर्मी था: ''*मैं* इतने वर्ष से तेरी सेवा कर रहा हूं, और कभी भी तेरी आज्ञा नहीं टाली'' (आयत 29)। कई बार हमें लगता है कि हम दूसरों से अच्छे हैं, क्योंकि हमने वे पाप नहीं किए जो उन्होंने किए होते हैं। मन के पाप आत्मा को उतनी ही जल्दी दोषी ठहराते हैं, जितनी जल्दी शरीर में किए पाप।

(2) वह दोष लगाने वाला था: ''जब तेरा यह पुत्र, जिस ने तेरी सम्पत्ति वेश्याओं में उड़ा दी है, ...'' (आयत 30)। हो सकता है कि यह आरोप सही हो और हो सकता है कि सही न भी हो। कई बार हम यह मान लेते हैं कि दूसरे लोग उस बात के दोषी हैं, जिसका अवसर मिल जाता तो हम भी दोषी होते।

(3) वह क्षमा करने वाला नहीं था (आयतें 28-30)।

(4) वह स्वार्थी, दूसरों की परवाह न करने वाला था (आयतें 29, 30)। फरीसियों की तरह उसे खोए हुओं की कोई चिंता नहीं थी।

(5) वह क्रोधित था[4] (आयत 28)।

(6) वह अपने पिता पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कठोर हो गया था: ''... तू ने *मुझे* कभी एक बकरी का बच्चा भी न दिया, ... परन्तु ... *उसके* लिए तूने पला हुआ बछड़ा कटवाया'' (आयत 29, 30)।

(7) वह कृतघ्न और शिकायत करने वाला व्यक्ति था (आयतें 29, 30)। उसने उस सब की, जो वहां हुआ था, तारीफ़ नहीं की।

(8) वह निष्ठुर था। उसने अपने भाई को भाई नहीं माना (''*तेरा* यह पुत्र'' [आयत 30])। जब उसका भाई घर छोड़कर गया था, तो उसने सोचा होगा, ''बला से पीछा छूटा।''[5]

(9) वह ईर्ष्यालु था।

(10) वह आनन्द खत्म करने वाला था। उसने अपने पिता के आनन्द को निराशा में बदलने की कोशिश की (देखें नीतिवचन 17:22)।

(11) वह परेशानी खड़ी करने वाला था। उसने आनन्द मना रहे परिवार की शांति भंग की।

(12) वह एक निराशावादी था। उसके सब विचार नकारात्मक थे।

बड़े भाई में *व्यवहार* की समस्या थी। बुरा व्यवहार न्याय को बिगाड़ सकता है। अपने भाई की वापसी पर उस इनसान की प्रतिक्रिया हमें यह पूछने पर विवश करती है कि ''वह घर में *क्यों* रहा था; वह आज्ञाकारी *क्यों* था?'' स्पष्ट है कि केवल कोई प्रतिफल पाने के लिए। हो न हो भला करने की उसकी मंशा बुरे इरादे से थी।

हो सकता है कि बड़े भाई का धुंधला पक्ष शायद सामने न ही आता अगर उसका भाई घर न आ जाता। कई बार हमारे अपने जीवन में ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं कि हमारी बुराई साफ़ दिखाई देती है, और हमें लज्जित होना पड़ता है।

बिना अपने घमण्ड को त्यागे ''घर वापसी'' सम्भव नहीं (आयतें 31, 32)

उड़ाऊ पुत्र के घर आ जाने पर पिता उसके प्रति दयालु था; अब वह अपने बड़े पुत्र के प्रति दयालु था। मैं होता तो उसे डांटते हुए कहता: ''अरे कृतघ्न! ऐसी बच्चों जैसी बातें न कर! इधर-उधर घूमना छोड़ और घर चल!'' इसके विपरीत, पिता ने उसके साथ धीरज से बात की। वह अपना एक और पुत्र नहीं खोना चाहता था। पिता के शब्द संक्षिप्त थे, पर उन में आवश्यक परिवर्तनों का जो हम में से हर एक को बड़े भाई वाली सोच से पीछा छुड़ाने के लिए बनना आवश्यक है, सार था:[6]

(1) जो बरकतें या आशिषें तुम्हें मिली हैं, उन्हें गिनो (आयत 31): परमेश्वर की *उपस्थिति* (''तू सर्वदा मेरे साथ है'') और परमेश्वर की ओर से बहुत से *उपहार* (''जो कुछ मेरा है वह सब तेरा ही है'')।

(2) अपने सम्बन्ध को मान लें[7] (आयत 32; ''तेरा यह पुत्र'' [आयत 30] बनाम ''यह तेरा भाई'' [आयत 32])।

(3) अपने तरस को बढ़ाएं। पिता ने कहा, ''अब आनन्द करना और मगन होना चाहिए ...'' (आयत 32क)।

यदि बड़े भाई का व्यवहार सही होता, तो वह मेज़ पर बैठकर, संगीत और शानदार दावत का आनन्द ले रहा होता। इसके बजाय, वह अंधेरे में मन ही मन खीझ रहा था। उसमें आत्मा का फल नहीं था (गलातियों 5:22, 23)। अपने मनों में उस ''फल'' को पाने से हमारे सम्बन्ध की अधिकतर समस्याएं सुलझ जाएंगी।

सारांश

बड़े भाई का क्या हुआ? क्या वह अपने पिता की बात मानकर आनन्द मनाने के लिए घर में आ गया? यीशु ने यह नहीं बताया। यदि आप आत्मिक ''बड़े भाई'' हैं तो बदलना कठिन है। मसीह का उद्देश्य फरीसियों को मिलाना था, क्योंकि अधिकतर फरीसी नहीं बदले थे। परन्तु उनमें से कुछ अवश्य बदले थे (प्रेरितों 15:5; 23:6; 26:5; फिलिप्पियों 3:5)-इसका अर्थ यह हुआ कि आशा है!

नोट्स

इस संक्षिप्त अध्ययन को एक पूर्ण प्रवचन में बदला जा सकता है। आप इस प्रवचन को ''बड़ा भाई'' नाम दे सकते हैं और सम्भावित शीर्षक ''रूखा संत,'' ''घर रहने वाला लड़का'' और ''जब घर में ही दूर देश हो'' हो सकते हैं। रविवार प्रात: ''दूर देश में खोया'' (छोटा पुत्र) और शाम को या बुधवार को आराधना में ''घर में खोया'' (बड़ा पुत्र) पर विचार किया जा सकता है।

टिप्पणियां

[1]समाजशास्त्रियों के अनुसार, जन्म के क्रम से बच्चों के व्यक्तित्व पर प्रभाव पड़ सकता है। आप चाहें तो इसे विस्तार दे सकते हैं, न चाहें तो नहीं। [2]इसका एक प्रसिद्ध अपवाद है यीशु, जिसके छोटे सौतेले-भाई और सौतेली-बहनें थीं। [3]आगे दी गई सूची में टिप्पणियां सुझाई गई हैं, जिनमें से कुछ एक-दूसरे को छुपा लेती हैं। उन्हीं पापों की बात करें जिनसे आपके सुनने वाले परिचित हैं और फिर उपयुक्त वचनों के साथ जोड़ते हुए उन्हें विस्तार से बताएं। आप चाहें तो हर एक का उदाहरण फरीसियों की कमियों को बताकर दे सकते हैं। [4]यह केवल कल्पना हो सकती है, परन्तु संसार में शुरू से इससे भी अधिक क्रोध करने वाले लोग रहे हैं। क्रोधित लोगों द्वारा किए जाने वाले अपराधों से समाचार-पत्रों की सुर्खियां बनती हैं। आप क्रोध के कारणों को खोज सकते हैं। [5]आपके यहां इससे मिलता-जुलता वाक्यांश हो सकता है। [6]पुनः, यह 31 और 32 आयतों के सम्बन्ध में आपके विचारों को इकट्ठा करने के लिए बनाए गए केवल सुझाव हैं। अपने विचारों को विस्तार दें और उपयुक्त आयतों को जोड़ें। आप दो मुख्य प्वायंटों में दी गई सूचियों को मिला सकते हैं। [7]हमारा सम्बन्ध सब पापियों से है: परमेश्वर की अविश्वासी संतान मसीह के द्वारा हमारी रिश्तेदार है; बाहरी पापी आदम के द्वारा हमारे रिश्तेदार हैं। इसके अलावा हम सब का पिता एक ही है।